उमा कहउँ मैं अनुभव अपना । सत हरि भजनु जगत सब सपना ॥
निज अनुभव अब कहउँ खगेसा । बिनु हरि भजन न जाहिं कलेसा ॥
सांध्य दैनिक || मानस हरि भजन || Ram Katha 948-*Thanjavur, Tamil Nadu, India || मोरारी बापू
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
DGR Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 10 अंक : 169 इंदौर, शुक्रवार 03 जनवरी, 2025 पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# सुशासन से जनता का भरोसा रहता है कायम

## सीएम बोले-शत-प्रतिशत जनसंतुष्टि ही सरकार का मूल ध्येय



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरूवार को नर्मदापुरम संभाग में चल रहे विकास एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा है कि सुशासन के जरिए लोक कल्याण ही सरकार का मूल ध्येय है। हमारी सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि हमारे प्रयासों का अधिकतम लाभ जनता को ही मिले। हमारी सरकार इसी दिशा में आगे बढ़ रही है। जनता के कल्याण के लिए हम दिन-रात काम करेंगे। सरकार इस काम से कभी पीछे नहीं हटेगी। हम अपनी ऊर्जा का अधिकतम उपयोग जनकल्याण के लिए करेंगे, क्योंकि जनता की शत-प्रतिशत संतुष्टि ही हमारा पुण्य फल है, हमारा पारितोषिक है। उन्होंने कहा कि सभी जनप्रतिनिधियों को अपने क्षेत्र में विकास कार्यों को प्राथमिकता से पूरा कराना चाहिए। जनप्रतिनिधियों को चाहिए कि वे विकास कार्यों को पूर्ण कराने में सरकार को समुचित सहयोग भी करें।

### विधानसभा की बड़े पांच निर्माण कार्यों पर सरकार करेंगी काम

मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों से कहा कि वे जनता से जुड़े कार्यों को पूरा कराने में विशेष रूचि लें। सुशासन के जरिए ही जनता का सरकार पर भरोसा कायम रहता है। हम अपने क्षेत्र में सुशासन के जरिए जनकल्याण के लक्ष्य को प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि सभी विधायक अपने संभाग के प्रभारी अपर मुख्य सचिव को अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र के पांच-पांच प्रमुख बड़े निर्माण कार्यों सहित अन्य मांगों के बारे में लिखित में पत्र दे दें। सरकार सभी निर्माण कार्यों को समय पर पूरा कराएगी और मांगों पर समुचित निर्णय लेगी।

### जनकल्याण अभियान से जुड़े, पात्र हितग्राहियों को दिलाएं लाभ

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नर्मदापुरम संभाग क्षेत्र के विधायकों से गत 11 दिसम्बर 2024 से चल रहे जनकल्याण अभियान के बारे में सीधा फीडबैक लिया। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि जनता के बीच जाएं और उनसे इस अभियान के उद्देश्यों और लक्ष्यों के बारे में व्यक्तिशः जानकारी लें। प्रयास करें कि सभी पात्र हितग्राहियों को इस अभियान का लाभ मिले। यदि किसी समस्या के कारण हितग्राही को हितलाभ देने में कठिनाई आ रही है, तो कलेक्टर, कमिश्नर या शासन स्तर से मार्गदर्शन लेकर उस कठिनाई का निराकरण कराएं। सीएम ने सभी विधायकों से अपने विधानसक्षा क्षेत्र का विजन डॉक्यमेंट तैयार करने और मुख्यमंत्री सचिवालय भेजने को कहा।

### विधायकों ने रखी मांग, सीएम ने दिए कार्यवाही के निर्देश

बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विधायकों से भी वन टू वन चर्चा की। विधायक सोहागपुर की ओर से माखननगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का स्वास्थ्य केन्द्र में उन्नयन कर यहां 50 बेड स्वीकृत करने का आग्रह प्राप्त हुआ। मुख्यमंत्री ने प्रमुख सचिव स्वास्थ्य को शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने तहसील बनखेड़ी में शासकीय आईटीआई केन्द्र खोले जाने की मांग पर तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग के अधिकारियों को इस पर त्वरित कार्यवाही करने को कहा। सोहागपुर विधायक द्वारा एसडीएम कार्यालय सोहागपुर एवं माखन नगर के साथ-साथ अन्य विभागों के नवीन कार्यालय भवन के निर्माण के लिए 10 करोड़ रूपए मंजूर करने की मांग रखी गई। मुख्यमंत्री ने प्रमुख सचिव राजस्व को समुचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

## पीएम मोदी की भेजी हुई चादर लेकर दरगाह निजामुद्दीन पहुंचे केंद्रीय मंत्री रिजिजू, अब अजमेर होंगे रवाना



**अजमेर।** पीएम नरेंद्र मोदी की ओर से अजमेर दरगाह को भेंट की गई चादर को लेकर शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री किरन रिजिजू, बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चे के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी दिल्ली की निजामुद्दीन औलिया दरगाह पहुंचे। दोनों सुबह 10 बजे के करीब दरगाह पहुंचें। पीएम की ओर से भेंट की गई इस चादर को निजामुद्दीन औलिया दरगाह में ले जाने के बाद अजमेर दरगाह पर पेश की जाएगी।

केंद्रीय मंत्री किरन रिजीजू ने एक्स पर एक पोस्ट कर लिखा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती के उर्स पर अजमेर शरीफ दरगाह पर उनकी ओर से चढ़ाई जाने वाली चादर पेश की। यह भाव भारत की समृद्ध आध्यात्मिक विरासत और सद्भाव और करुणा के स्थायी संदेश के प्रति उनके गहरे सम्मान को दर्शाता है।' अजमेर दरगाह के खादिम और चिश्ती फाउंडेशन के चेयरमैन हाजी सलमान चिश्ती ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से भेजी चादर का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की तरफ से जो चादर भेजी गई है, वो देश के 140 करोड़ देशवासियों को एक तोहफा है, मोहब्बत का... अमन का... एकता का।

### इंदौर पहुंचे संघ प्रमुख मोहन भागवत

## दशहरा मैदान पर स्वर शतकम कार्यक्रम में होंगे शामिल, ओंकारेश्वर-मंडलेश्वर भी जाएंगे



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर में शुक्रवार को संघ के घोष वादन कार्यक्रम का समापन होगा। इस कार्यक्रम में संघ प्रमुख मोहन भागवत शामिल होने सुबह करीब 9.30 बजे इंदौर पहुंचे। सबसे पहले वे सुदर्शन कार्यालय पर जाएंगे। वहां से 3 बजे दशहरा मैदान स्थित कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे।

दरअसल, इंदौर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के आयोजन स्वर शतकम की शुरुआत हो रही है। शुक्रवार को एक हजार से ज्यादा स्वयंसेवक घोष वादन की प्रस्तुति देंगे। भागवत यहां उद्बोधन भी देंगे। संघ मालवा प्रांत में इस तरह का पहला आयोजन कर रहा है।

इंदौर में गुरुवार को स्वयं सेवकों ने कार्यक्रम की रिहर्सल की। दशहरा मैदान को आयोजन के लिए तैयार किया गया है। यहां एक डोम और मंच तैयार हो चुका है। कार्यक्रम में पंद्रह हजार लोग शामिल होंगे। इसमें संघ के स्वयं सेवकों के परिवारों के अलावा शहर के गणमान्य नागरिक, खिलाड़ी, रंगकर्मी, व्यापारी व अन्य क्षेत्रों के लोगों को आमंत्रित किया गया है।

अन्य शहरों व ग्रामीण क्षेत्रों में शताब्दी वर्ष के आयोजन फरवरी से होंगे। मालवा प्रांत के स्वयं सेवकों का शिविर भी शहर में जारी है। इस शिविर का नाम स्वर शतकम दिया गया है। राऊ के एक स्कूल में इस शिविर में मालवा प्रांत के 28 जिलों के 800 स्वयंसेवक शामिल हुए हैं। तीन दिनी शतकम शिविर की शुरुआत बुधवार को हुई। प्रथम सत्र अखिल भारतीय शारीरिक शिक्षण प्रमुख जगदीश प्रसाद एवं मालवा प्रांत सह कार्यवाह रघुवीर सिंह सिसौदिया की उपस्थिति में हुआ। शिविर में शामिल वक्ता रघुवीर सिंह ने संघ के गठन से लेकर अब तक की यात्रा की जानकारी दी। इसके अलाव संघ की रीति-नीति व विचारधारा से भी अवगत कराया। इस मौके पर घोष आरंभ से लेकर वर्तमान तक की यात्रा का उल्लेख किया गया।

### मोतियाबिंद पीड़ितों के नि:शुल्क ऑपरेशन के लिये चलेगा अभियान

# इंदौर जिले को बनाया जायेगा टीबी मुक्त जिला

**मंत्री श्री सिलावट और सासंद श्री लालवानी की विशेष उपस्थिति में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति(दिशा) की बैठक सम्पन्न**




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर जिले को टीबी मुक्त जिला बनाया जाएगा। इसके लिए समाज के हर वर्ग की भागीदारी ली जाएगी। साथ ही जिले को मोतियाबिंद मुक्त जिला बनाने की दिशा में भी अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान के तहत मोतियाबिंद पीड़ितों के निःशुल्क ऑपरेशन किए जा रहे है। जिले में मोतियाबिंद से पीड़ित मरीजों के चिन्हांकन के लिए जनकल्याण अभियान के तहत शिविर आयोजित किये जा रहे हैं।**

यह जानकारी आज यहां जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट और सासंद श्री शंकर लालवानी की विशेष उपस्थिति में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति(दिशा) की बैठक में दी गई। बैठक में विधायक श्रीमती मालिनी गौड़, श्री मधु वर्मा, कलेक्टर श्री आशीष सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन सहित अन्य अधिकारी और समिति सदस्य मौजूद थे। बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत जिले में चल रहे कार्यों और गतिविधियों की समीक्षा की गई। साथ ही बैठक में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना और स्वामित्व योजना के संबंध में चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा भी हुई। बैठक में मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि इंदौर जिले को टीबी रोग से मुक्त करने के लिए सभी के सहयोग से व्यापक अभियान चलाया जाए। सांसद श्री शंकर लालवानी ने कहा कि इस अभियान को जन आंदोलन बनाने की जरूरत है। बैठक में बताया गया कि जिले में भी लगभग 10 हजार टीबी मरीज है। इनका शासन की योजना के अंतर्गत निःशुल्क इलाज किया जा रहा है। जरूरतमंद टीबी मरीजों को निक्षय मित्र योजना के तहत जनसहयोग से निःशुल्क भोजन देने की व्यवस्था भी है। इस योजना का विस्तार करने के निर्देश दिए गए। बैठक में आयुष्मान कार्ड योजना की प्रगति की समीक्षा भी की गई। बताया गया कि 70 वर्ष से अधिक आयु के जिले में 20 हजार से अधिक आयुष्मान कार्ड बन चुके है। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने बताया कि इस कार्य को गति देने के लिये आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं भी जोड़ा गया है। उन्हें आयुष्मान कार्ड बनाने के लिये एक हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि दी गई है। जरूरत पड़ने पर यह राशि बढ़ाई भी जायेगी। बैठक में मंत्री श्री सिलावट तथा सांसद श्री लालवानी ने कहा कि आयुष्मान योजना के तहत ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाये जिससे की अस्पतालों में मरीजों के इलाज में परेशानी नहीं हो। इसके लिये योजना से जुड़े अस्पतालों के प्रबंधकों की बैठक भी बुलाई जाये। बैठक में निर्देश दिये गये कि जिले में विकास योजना तैयार करते समय जनप्रतिनिधियों से भी चर्चा कर उनके सुझाव लिये जाये। बैठक में जिले में खाद-बीज वितरण की समीक्षा की गई। इस दौरान बताया गया कि जिले में इस वर्ष बहुत ही सहजता के साथ खाद का वितरण हुआ है। किसी भी किसान को परेशानी नहीं हुई। शासन एवं प्रशासन की बहुत ही अच्छी व्यवस्था थी। जिले में अभी भी पर्याप्त मात्रा में खाद का भण्डारण है। किसानों को समय पर उनकी मांग के अनुसार खाद उपलब्ध कराई जा रही है। निर्देश दिये गये कि जिले के सभी किसानों को खेती की आधुनिक तकनीक से जोड़ा जाये, जिससे की वे कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकें। बैठक में निर्देशित किया गया कि जिले के अधिक से अधिक किसानों को सिंचाई के लिये ड्रिप और स्प्रिंकलर सिस्टम उपलब्ध कराया जाये। बैठक में स्वामित्व योजना की प्रगति की भी समीक्षा की गई। बताया गया कि जिले में कार्य लगभग पूर्ण हो गया है। जिले में 500 ग्रामों में से आरसीएमएस में 494 ग्रामों के आवेदनों को निराकरण हो गया है। स्वामित्व योजना में एक लाख 34 हजार 739 सम्पत्तियों में से एक लाख 23 हजार 648 सम्पत्तियों का सर्वे पूर्ण हो गया है। सम्पत्ति धारकों को भू-अधिकार प्रमाण पत्र दिये जायेंगे। बैठक में श्री सिलावट ने जिले में चल रहे अस्पतालों के निर्माण कार्यों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। बैठक में कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने जिले में चल रहे कार्यों की जानकारी दी।



## श्री राम अवतार यादव सेवानिवृत्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। संभागीय जनसंपर्क कार्यालय इंदौर में पदस्थ वाहन चालक श्री राम अवतार यादव को सेवानिवृति पर भावभीनी विदाई दी गई। श्री यादव 37 वर्षों की सेवा उपरान्त सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी गणों ने उन्हें भावी सुखद जीवन के लिए शुभकामनाएं दी।

## अपराधिक गतिविधियों संलिप्त 6 आरोपियों को किया गया जिलाबदर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिये कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री आशीष सिंह ने अपराधिक गतिविधियों संलिप्त 6 आरोपियों को जिलाबदर किया है। इस संबंध में जारी आदेशानुसार जिन अपराधियों को जिलाबदर किया गया है उनमें बेटमा थाना क्षेत्र के मिथुन पिता अनार सिंह परमार निवासी खानपुर, सांवेर थाना क्षेत्र के शाकिर उर्फ जगीरा पिता अकरम खान निवासी वार्ड नं. 01 साई बेट्री के पास कुडाना रोड सांवेर, महू थाना क्षेत्र के संजू उर्फ संजय उर्फ तात्या पिता मन्नुलाल उर्फ मुन्नालाल बौरासी निवासी माइक्रो लाईन रेल्वे कालोनी पासीपुरा महू तथा खुडैल थाना क्षेत्र के धृष्टराज उर्फ डमरू पिता ब्रहमानन्द मालवीय निवासी ग्राम असरावद बुजुर्ग शामिल है। इन्हें छः-छः माह के लिये जिलाबदर किया गया है। उक्त सभी अपराधियों के विरूद्ध विभिन्न थाना क्षेत्रों में अनेक प्रकरण दर्ज है।

# इंदौर में स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 के लिए तैयारियां तेज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर में स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 की तैयारियों को लेकर नगर निगम ने अपनी योजनाओं और प्रयासों को नई दिशा दी है। इसी कड़ी में गुरुवार को नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों और एनजीओ प्रतिनिधियों के लिए स्वच्छता जागरूकता और कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम रविंद्र नाट्य गृह सभागृह में आयोजित हुआ, जहां आयुक्त शिवम वर्मा और अपर आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने उपस्थित सभी प्रतिभागियों को स्वच्छता सर्वेक्षण की बारीकियों और उसकी आवश्यकताओं पर विस्तार से जानकारी दी।**



कार्यक्रम में नगर निगम के स्वास्थ्य अमले और एनजीओ प्रतिनिधियों को बताया गया कि स्वच्छता के प्रति नागरिकों में जागरूकता कैसे लाई जाए और किस प्रकार शहर को स्वच्छता में एक बार फिर से शीर्ष स्थान पर लाने के लिए कार्य किया जाए। अधिकारियों ने बताया कि सफाई से जुड़े हर पहलू पर ध्यान दिया जाना चाहिए, चाहे वह कचरा प्रबंधन हो, सड़क और सार्वजनिक स्थानों की सफाई हो, या फिर नागरिकों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाना हो।

**एनजीओ टीम को भी सम्मानित किया जाएगा-** कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को उनके सवालों के जवाब दिए गए और उनसे जुड़ी चुनौतियों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर आयुक्त शिवम वर्मा ने घोषणा की कि स्वच्छता सर्वेक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले वार्ड की एनजीओ टीम को भी सम्मानित किया जाएगा। यह घोषणा सभी प्रतिभागियों में उत्साह और प्रतिस्पर्धा की भावना जगाने के उद्देश्य से की गई थी। स्वच्छता सर्वेक्षण में इंदौर ने लगातार सात बार पहला स्थान प्राप्त किया है, और आठवीं बार भी यही उपलब्धि हासिल करने के लिए नगर निगम कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। इस पाठशाला का आयोजन इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए किया गया था, ताकि सभी कर्मचारी और एनजीओ प्रतिनिधि अपनी जिम्मेदारियों को बेहतर ढंग से समझ सकें और मिलकर काम कर सकें। इसके साथ ही, कार्यक्रम ने नागरिकों को भी स्वच्छता में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करने का संदेश दिया। आयुक्त वर्मा ने कहा कि नगर निगम का मुख्य उद्देश्य शहर को न केवल स्वच्छता में नंबर एक बनाए रखना है, बल्कि स्वच्छता के माध्यम से एक ऐसा वातावरण तैयार करना है, जिसमें सभी नागरिक स्वस्थ और खुशहाल जीवन जी सकें।

## ढोल लेकर थाने पहुंची महिला, टीआई को पहनाई माला, बेटे की चोरी हुई बाइक मिलने से हुई खुश



इंदौर। गुरुवार रात खजराना थाने में एक महिला, परवीन, अपने परिवार के साथ ढोल बजाते हुए पहुंची और थाना प्रभारी (टीआई) मनोज सेंधव को हार माला पहनाकर उन्हें धन्यवाद दिया। महिला ने पुलिस के स्टाफ को मिठाई भी खिलाई, जिनकी मेहनत से उसकी चोरी हुई बाइक बरामद हुई थी। 10 अक्टूबर 2024 को महिला के बेटे की बाइक चोरी हो गई थी। महिला ने बताया कि उसने बहुत मेहनत से बाइक खरीदी थी, जो घर के बाहर से चोरी हो गई थी। टीआई सेंधव ने बताया कि फरियादी इमरान की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की गई थी, और पुलिस ने सीहोर में एक वाहन चोर गैंग को पकड़ा, जिससे महिला की बाइक बरामद हुई।

### यूनियन कार्बाइड कचरा निष्पादन के संबंध में बैठक सम्पन्न

# मध्यप्रदेश में जनहित की सरकार है और जनता का हित सर्वोपरि है : मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। यूनियन कार्बाइड के कचरे के निष्पादन के संबंध में चर्चा के लिये आज एआईसीटीएसएल कार्यालय के सभा कक्ष में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, सांसद श्री शंकर लालवानी, विधायकगण श्रीमती नीना वर्मा, श्री मधु वर्मा सहित राज्य शासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जनप्रतिधि, पर्यावरणविद, प्रबुद्ध नागरिक तथा मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित थे। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने बैठक में अवगत कराया गया कि आम जन मानस के मन में जो भ्रांतियां हैं उन सभी बिन्दुओं पर आज चर्चा की गयी।**



बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधि,विशेषज्ञ तथा प्रबुद्ध नागरिक जो उनके मन में भ्रांतियां थी, उससे संबंधित प्रश्न उठाये गये। सभी प्रश्नों को दृष्टिगत रखते हुये राज्य शासन के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा तथा पर्यावरण विशेषज्ञ द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदनों से संबंधित स्थिति से उपस्थित जनसामान्य को अवगत कराया गया।

बैठक में बताया गया कि यूनियन कार्बाइड का कचरा भोपाल से पीथमपुर तक केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की गाईडलाइन के अनुरूप पैकिंग, लोडिंग तथा परिवहन कंटेनरों में लीक प्रूफ एवं फायर प्रूफ कंटेनरों में वैज्ञानिक पद्धति से लाया गया।

बैठक में प्रश्न उठाये गये कि इस कचरे को जलाना ही क्यों आवश्यक है, क्या भष्मीकरण के दौरान इसकी नियमित मॉनिटरिंग की जायेगी, कचरा का भश्मीकरण शीतकाल में ही क्यों किया जा रहा है, 2013 और 2015 में जब ट्रायलरन किया गया था तब क्या हानिकारक मेटल तथा डायक्सीन व फ्यूरॉन गैसों की मॉनिटरिंग की गयी थी तथा क्या टीएसडीएफ पीथमपुर इस तरह के कचरे को जलाने के लिये उपयुक्त है। बैठक के अंत में मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के मंशा के अनुसार इस कचरे का निष्पादन वैज्ञानिक पद्धति एवं माननीय न्यायालय के निर्देशों के तहत आमजन की शंकाओं और भ्रांतियों को दूर करते हुये किया जायेगा और सभी क्षेत्रीय जनमानस के हितों का ध्यान रखा जायेगा। बैठक के अंत में मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में जनहित की सरकार है और जनता का हित सर्वोपरि है। कचरा विनष्टीकरण की सम्पूर्ण कार्रवाई में जनता को कष्ट नहीं हो, इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

## दो दोस्तों की सड़क हादसे में मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। खजराना इलाके में एक सड़क हादसे में दो दोस्तों की जान चली गई। बताया जाता है कि अंश (22) और तनिष्क रात में अपने अन्य दोस्तों के साथ खाना खाने बायपास स्थित एक होटल गए थे। खाने के बाद लौटते समय, अंश और तनिष्क स्कूटर पर सवार थे। अचानक स्कूटर का संतुलन बिगड़ा और वह डिवाइडर से टकरा गए।

खजराना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना स्टार चौराहे के पास हुई। अंश, जो मरीमाता मेन रोड का निवासी था, और तनिष्क, जो आनंद जायसवाल का बेटा था, दोनों की इस हादसे में मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, दोनों रात करीब डेढ़ बजे होटल से वापस लौट रहे थे। अचानक अंश की स्कूटर का



संतुलन बिगड़ा, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई और तनिष्क दूसरी तरफ गिर गया। दोनों को तुरंत एमवाय अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया।

दोस्तों के अनुसार, अंश की बड़ी बहन का रिश्ता पक्का हुआ था, और इसी खुशी के मौके पर वह दोस्तों के साथ पार्टी करने गए थे। अंश ग्राफिक्स डिज़ाइन का कोर्स कर रहा था, जबकि तनिष्क बीकॉम की पढ़ाई कर रहा था। अंश के पिता ऑटो चलाते हैं, जबकि तनिष्क के पिता होटल व्यवसायी और शराब ठेकेदार हैं।

## कुष्ठ रोगी खोज अभियान में पाये गये 226 नए रोगी किया जा रहा है नि:शुल्क उपचार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। कुष्ठ रोग के प्रति समाज में जागरुकता लाकर रोग के प्रति अंध विश्वास में कमी लाना म.प्र. शासन का एक प्रमुख लक्ष्य है। इसी उद्देश्य से भारत सरकार से प्राप्त दिशा निर्देश के अनुसार राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत गत माह 'कुष्ठ रोगी खोज अभियान' का आयोजन किया गया। जिसमें प्रमुख उद्देश्य विकृति ग्रेड-2 सूचकांक (कुष्ठ रोग से ग्रसित होने पर हाथ-पैर गलना एवं सुन्नपन की स्थिति) को रोकने के लिए जिले में घर-घर कुष्ठ रोगी की खोज, सघन स्क्रीनिंग कर खोजे गए नए कुष्ठ रोगियों को उपचार प्रदान करना प्रमुख है।**

अभियान के तहत इंदौर जिले में 17 लाख 45 हजार 991 जनसंख्या चयनित की गई थी, जिसके अंतर्गत 17 लाख 11 हजार 935 स्क्रीनिंग की गई। जिसमें 3 लाख 25 हजार 680 घरों का सर्वे 1 हजार 379 दलों ने किया। जिसमें आशा एवं स्वयं सेवक सम्मिलित थे। इसमें 2422 व्यक्तियों में कुष्ठ रोग की शंका पाई गई और इसमें से 226 व्यक्तियों की कुष्ठ रोगी के रुप में पुष्टि हुई। जिनका उपचार प्रारंभ कर दिया गया है तथा इनके स्वस्थ संपर्को को जॉच कर सिंगल डोज रिफॉमपिसिन दी जा रही है। जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. संतोष सिसोदिया ने बताया कि वर्ष 2017 से विशेष कुष्ठ रोगी अभियान प्रत्येक वर्ष चलाया जा रहा है। जनसामान्य में कुष्ठ के प्रति जागरुकता उत्पन्न करने के लिए प्रचार प्रसार की सघन गतिविधियां आयोजित की गई एवं इस वर्ष अन्य वर्षों की अपेक्षा सर्वाधिक 226 नए रोगी खोजे गए। इस अभियान का प्रमुख लक्ष्य शत-प्रतिशत स्क्रीनिंग करना, जॉच उपरांत पाए गए सभी नए खोजे गए कुष्ठ रोगियों को उपचार प्रदान करना, नए पाए गए विकृति ग्रेड-2 सूचकांक एवं बाल कुष्ठ रोगियों के गाँव में सघन फोकस्ड लेप्रोसी कैम्पेन किया जाना है। नए कुष्ठ रोगियों के स्वस्थ संपर्को की जाँच कर सिंगल डोज रिफॉमपिसिन दिया जाना भी उद्देश्य है।

## अनाज व्यापारी के घर घुसे चोर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। तिलक नगर में एक अनाज व्यापारी के घर चोरी की वारदात सामने आई है। आरोपी ने घर के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर चोरी की। जानकारी के अनुसार, व्यापारी परिवार पिछले पांच दिनों से बाहर था। पुलिस ने इस मामले में केस उस समय दर्ज किया, जब परिवार इंदौर वापस लौट कर थाने पहुंचा।**

पुलिस ने बताया कि आदिश पुत्र जीवनलाल जैन, जो उदय नगर निवासी और पेशे से अनाज व्यापारी हैं, 28 दिसंबर को अपने घर पर ताला लगाकर उदयपुर न्यू ईयर की पार्टी के लिए गए थे। जब वे घर वापस लौटे, तो उन्हें ताला टूटा हुआ मिला। घर के अंदर जाकर देखा तो सामान अस्त-व्यस्त था और चोरी की घटनाएं सामने आईं। बदमाशों ने घर से लेडीज डायमंड रिंग, एक गोल्ड रिंग, चार कान की बालियां, एक सोने की चेन, दो डायमंड के सोने के पैडल, सोने की ध्वज, चांदी के सिक्के, सोने के पालिश किए हुए जेवर और करीब 35 हजार रुपए चोरी कर लिए थे।आदिश ने बुधवार थाने जाकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस अब मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और आरोपियों की तलाश में जुटी है।

## सोमनाथ से आए तो घर साफ मिला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्टो

**इंदौर**। इंदौर के राजेन्द्र नगर में एक और चोरी की वारदात सामने आई है। सुशील शर्मा, जो ईशकुंज कालोनी, निहालपुर मुण्डी रोड के निवासी हैं, ने अज्ञात चोरों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। सुशील ने बताया कि वह परिवार के साथ 25 दिसंबर को सोमनाथ, गुजरात दर्शन के लिए गए थे। 29 दिसंबर को उनका एचडीएफसी बैंक का कार्ड पुराने पते पर आया। जब ताऊ ने घर जाकर कार्ड लिया, तो उसने ताला टूटा हुआ पाया और अंदर किसी को नहीं देखा। इस पर उसने सुशील से फोन पर संपर्क किया और गुजरात में होने की जानकारी दी। जब सुशील परिवार के साथ इंदौर लौटे, तो घर की जांच करने पर पाया कि चोरों ने घर से दो सोने के मंगलसूत्र, दो जोड़ी सोने की कान की बालियां, दो सोने की अंगूठियां, बाइक की चाबी, कुछ चांदी के आभूषण और करीब 40 हजार रुपए नकद चोरी कर लिए थे।

## सिरपुर में नाबालिग हिंदू युवती के साथ पकड़ाया चूड़ीवाला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। हिंदू संगठन के पदाधिकारियों ने गुरुवार को मुस्लिम युवक को हिंदू युवती के साथ पकड़ा। युवक-युवती आपत्तिजनक अवस्था में थे। मोबाइल में कईं युवतियों से चैटिंग मिली है। दोनों को चंदननगर पुलिस के सुपुर्द किया गया है। शिकायतकर्ताओं ने लव जिहाद का आरोप लगाया है।

बजरंग दल के पदाधिकारियों को सूचना मिली थी कि सिरपुर क्षेत्र में मुस्लिम युवक हिंदू युवती के साथ घूम रहा है। कुछ लोगों ने मिलकर दोनों को पकड़ लिया। युवक पहले हिंदू नाम बता कर गुमराह करने लगा। आईडी कार्ड मांगने पर उसने मुस्लिम नाम बताया। मूलतःकन्नौज(उप्र) निवासी युवक सहयोग नगर में रहता है। वह चूड़ी का काम करता है। उसने पूछताछ में बताया रिश्ते की बहन सुहाना ने युवती से दोस्ती करवाई है। दोनों टहलने के लिए सिरपुर तालाब की तरफ आए थे।युवक इंस्टाग्राम के माध्यम से अन्य हिंदू युवतियों से भी बातचीत करता है। चेटिंग बॉक्स में कईं कॉल भी मिलें है। भंवरकुआं पुलिस ने एक युवती की शिकायत पर उसके लिव इन पार्टनर श्याम अहिरवार के खिलाफ दुष्कर्म का केस दर्ज किया है। युवती छह साल से श्याम के साथ रह रही थी। उसने अब शादी का आश्वासन देकर शारीरिक संबंध बनाने का आरोप लगाया है। नए साल पर शादी का बोला तो श्याम ने धमकाया। पुलिस ने श्याम को हिरासत में ले लिया है। भंवरकुआं पुलिस ने 12वीं की छात्रा पर दो युवकों पर केस दर्ज किया है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा इंदौर संभाग के विकास कार्यों की समीक्षा

# विधानसभावार विजन डॉक्यूमेंट तैयार करें

### बड़ी ग्राम पंचायतें नगर परिषद में बदलेंगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को इंदौर संभाग में चल रही विकास गतिविधियों एवं वृहद् निर्माण कार्यों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने सभी विधायकों को अपने क्षेत्र के विकास का विजन डॉक्यूमेंट (रोडमैप) बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि सभी विधायक क्षेत्रीय अधिकारियों के साथ जन समस्याओं के निराकरण को लेकर जन-संवाद करें। जनकल्याण अभियान के मिल रहे परिणामों का आकलन करें और सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। इसके लिए जरूरी है कि जनता के बीच जाएं, उनसे संवाद करें, उनकी समस्याएं जानें और निराकरण के लिए तुरंत कदम उठाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार बड़ी ग्राम पंचायतों को नगर परिषद में बनाने के मामलों में गंभीर है। सभी विधायक अपने क्षेत्र की ऐसी सभी बड़ी ग्राम पंचायतों को नगर परिषद में बदलने का प्रस्ताव दे दें। आबादी को लाभ और जनहित में सरकार प्रस्तावों पर समुचित निर्णय लेगी। मुख्यमंत्री ने बैठक में वर्चुअली जुड़े सांसद एवं विधायकों से कहा कि यदि वे क्षेत्रीय आबादी या भौगोलिक स्तर पर जनहित में अपने जिले



या तहसील का संभाग या जिला परिवर्तन कराना चाहते हैं, तो वे अपने सुझाव लिखित में राज्य सरकार द्वारा गठित परिसीमन आयोग को दे सकते हैं। मुख्यमंत्री ने इंदौर-उज्जैन के फोरलेन को सिक्स लेन में बदलने के संबंध में अब तक हुई प्रगति की जानकारी ली। इंदौर के सांसद शंकर लालवानी ने इंदौर-देपालपुर मार्ग को भी फोरलेन बनाए जाने की मांग रखी। बैठक यह भी बताया गया कि मध्य प्रदेश में वर्तमान 6 एक्सप्रेस-वे नियोजित हैं, जिसमें नर्मदा प्रगति पथ, विंध्य एक्सप्रेस-वे, मालवा-निमाड़ विकास पथ, बुंदेलखंड विकास पथ, अटल प्रगति पथ और मध्य भारत विकास पथ का निर्माण प्रगतिरत हैं।

### गांव में रात्रि विश्राम करें अधिकारी और जन-प्रतिनिधि

मुख्यमंत्री ने बैठक में जन-प्रतिनिधियों से कहा कि वे सरकार की योजनाओं का फीडबैक लेने के लिए अधिकाधिक फील्ड दौरे करें। जन-प्रतिनिधि, क्षेत्रीय अधिकारियों के साथ दूरस्थ गांव (विशेषकर जनजातीय ग्राम) में रात्रि विश्राम करें। मुख्यमंत्री ने दिन-ब-दिन बढ़ती सर्दी के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे रैन बसेरों का औचक निरीक्षण करें। जरूरतमंदों को कंबल एवं गर्म वस्त्र प्रदाय करें।

### संभाग के प्रभारी एसीएस जिलेवार समीक्षा बैठक लेंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए विधायक यदि चाहें, तो कोई नवाचार भी कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अब सभी संभागों के प्रभारी अपर मुख्य सचिव जिलेवार समीक्षा बैठक करेंगे। इससे सभी विधायकों को अपने-अपने क्षेत्र की प्रमुख मांगों एवं संवेदनशील विषयों को रखने का पर्याप्त अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि सभी कलेक्टर्स अब विधानसभावार समीक्षा बैठक करें। जिले के सभी विधायकों से चर्चा करें और उनके विधानसभा क्षेत्र का विजन डॉक्यूमेंट बनाने में सहयोग भी करें। मुख्यमंत्री ने पुराने मंजूर सीएम राइज स्कूलों शेष निर्माण कार्य पूरा करने की बात कही।

### ताप्ती-चिल्लूर वृहद परियोजना की पूर्णता के लिए महाराष्ट्र सरकार से करेंगे चर्चा

जल संसाधन विभाग की समीक्षा में खंडवा जिले की ताप्ती-चिल्लूर वृहद सिंचाई परियोजना के बारे में जानकारी दी गई। इस पर खंडवा जिले के हरसूद से विधायक एवं जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने मुख्यमंत्री से इस परियोजना को जल्द से जल्द मंजूरी देने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वासन देते हुए कहा कि जल्द से जल्द इस पर काम शुरू किया जाएगा। यदि आवश्यकता हुई, तो वे स्वयं महाराष्ट्र शासन से भी इस परियोजना के संबंध में चर्चा करेंगे। बता दें, करीब 26 हजार 279 करोड़ रुपये लागत वाली इस वृहद सिंचाई परियोजना के पूरा होने पर संबंधित क्षेत्र के 81 हजार 600 हेक्टेयर रकबे में फसल सिंचाई एवं वाटर रिचार्जिंग की स्थायी सुविधा उपलब्ध हो जाएगी।

नए साल पर बच्चा पैदा करने का क्रेज

# 44 घरों में गूंजी किलकारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट



**नीमच।** न्यू ईयर के पहले दिन मध्य प्रदेश में 44 महिलाओं ने डिलीवरी करवाई। प्रदेश के मालवा के रतलाम, मंदसौर और नीमच जिले के 44 घरों में किलकारियां गूंजी, जिसमें सबसे ज्यादा बेटियों ने जन्म लिया। 44 में से 28 बेटियां और 16 बेटों ने दुनिया में कदम रखा।

बता दें कि सबसे ज्यादा नीमच शहर के सरकारी व निजी अस्पतालों में कुल 22 घरो में किलकारियां गूंजीं। इसमें 15 लड़कियां और 7 लड़कों ने जन्म लिया। इसी तरह मंदसौर शहर में जिला अस्पताल के प्रसूति वार्ड में नए साल का आगाज बच्चों की किलकारियों के साथ हुआ। वर्ष 2025 के पहले दिन जिला अस्पताल में 11 बच्चों ने जन्म लिया। खास बात यह रही कि इसमें 6 बेटियां हैं। साल के पहले दिन लाड़ली बेटी के रूप में गोद में खुशियां मिलने पर किसी ने खुशी तो किसी ने मुस्कान और मिष्ठी नाम रखा। बुधवार का दिन और साल के पहले दिन के हिसाब से बेटों के नाम भी रखे गए। इसी तरह रतलाम शहर में रात 12 से 2 बजे के बीच मातृ एवं शिशु चिकित्सा इकाई (एमसीएच) में दो बच्चियां और एक बच्चे ने जन्म लिया। मंगलवार की रात 12 से बुधवार की दोपहर 12 बजे तक 14 बच्चों ने जन्म लिया। इसमें 7 लड़कियां और 7 लड़के शामिल हैं। जानकारी के अनुसार इस नए साल में पैदा होने वाली पीढ़ी 'जेन बीटा' कहलाएगी, क्योंकि 1 जनवरी 2025 से नई पीढ़ी दुनिया में प्रवेश कर चुकी है। इससे पहले साल 2010 से 2024 तक जन्म लेने वाले बच्चों को 'जनरेशन अल्फा' नाम दिया गया था। इसी प्रकार 1996 से 2009 के बीच 'जेनरेशन जेड' और 1981 से 1995 तक जन्म लेने वाले 'जनरेशन मिलेनियल्स' कहते थे। 'जेन बीटा' यानी 2025 में जन्मे बच्चे, एक ऐसी दुनिया में पलेंगे, जहां हर चीज एक क्लिक दूर होगी। उनके पास हर तरह की टेक्नोलॉजी होगी। जैसे स्मार्टफोन, कंप्यूटर और रोबोट, लेकिन साथ ही उन्हें कई बड़ी समस्याओं का भी सामना करना पड़ सकता है।

## जेसीबी से नाग को कुचला, शव देख गुस्से में आई नागिन



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शिवपुरी।** नरवर तहसील के ग्राम छितरी में एक किसान के खेत में जेसीबी से सफाई करते समय जमीन के अंदर बैठे नाग-नागिनी का जोड़ा घायल हो गया। इसी दौरान नाग ने दम तोड़ दिया। उसके बाद घायल नागिन नाग के शव के पास दो घंटे तक विलाप करती थी। सर्प मित्र को बुलाकर नागिन का इलाज कराकर जंगल में छोड़ दिया। मृत नाग के शव का विधि-विधान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया।

जानकारी के अनुसार करैरा के पूर्व विधायक जसवंत जाटव का बेटा राजू खेत में सफाई करवा रहा था। इसी दौरान सर्दी के कारण जमीन के अंदर छिपा बैठा नाग-नागिन का जोड़ा जेसीबी की चपेट में आकर घायल हो गया। नाग ने कुछ ही देर में दम तोड़ दिया, लेकिन नागिन गंभीर घायल हो गई। नाग की मौत के बाद गुस्साई नागिन नाग के शव के पास बैठ गई। वह फन फैलाकर दो घंटे तक विलाप करती रही। मौके पर सर्प मित्र सलमान खान को बुलाया गया। सलमान ने नाग को उठाने का प्रयास किया, लेकिन गुस्साई नागिन ने पहले तो सांप को उठाने नहीं दिया। उसके बाद सलमान ने किसी तरह नागिन को पानी पिलाकर सामान्य किया। उसके जख्म पर हल्दी आदि लगाकर उसका इलाज किया। सर्प मित्र ने रेस्क्यू कर नागिन को जंगल में छोड़ दिया। उसके बाद नाग का अंतिम संस्कार किया। सर्पमित्र सलमान का दावा है कि नाग-नागिन की उम्र 16-17 साल की थी। उनके अनुसार नाग-नागिन की आंखों को देखकर उनकी उम्र का अंदाजा लग जाता है।

## मप्र में बनाए जाएंगे 20 लाख आवास

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में अगले तीन साल में 20 लाख से अधिक आवास बनाए जाएंगे। केंद्र सरकार ने प्रदेश को इसके लिए सैद्धांतिक सहमति भी दे दी है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास और नगरीय विकास विभाग ने इसके प्रस्ताव भी भेज दिए हैं। इस साल प्रधानमंत्री आवास में 5 लाख आवास बनाए जाएंगे। बैगा, भारिया और सहरिया जनजाति वर्ग के 1 हजार से अधिक गांवों को प्रधानमंत्री जनमन योजना में शामिल करना प्रस्तावित किया है। इससे 80 हजार आवास और प्रदेश को मिल जाएंगे।

प्रदेश में वर्ष 2016 से अब तक प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में 36.60 लाख आवास बनाए जा चुके हैं। इस मामले में मध्य प्रदेश देश में अव्वल है। शहरी योजना के पहले चरण में 9.46 लाख आवासों में से 8.22 हजार बनाए जा चुके हैं। वहीं, विशेष पिछड़ी जनजाति (बैगा, भारिया और सहरिया) वर्ग के लिए लागू जनमन योजना में 36 हजार आवास बनाए गए हैं। प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण में वित्तीय वर्ष 2024-25 में 3.68 लाख और शहरी योजना में एक लाख आवास बनाने का लक्ष्य है। 2025-26 में ग्रामीण योजना में चार लाख, 2026-27 में चार लाख और 2027-28 में चार लाख आवास उपलब्ध कराए जाएंगे। शहरी योजना में 2025-26 से प्रतिवर्ष डेढ़ लाख आवास बनाए जाएंगे। उधर, प्रधानमंत्री जनमन योजना में 2024-25 में 1.08 लाख आवास विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के परिवारों को मिलेंगे।

## नर्सिंग कॉलेजों में फर्जीवाड़े के बाद एडमिशन शुरू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। हाईकोर्ट के आदेश के बाद राज्य सरकार ने प्रदेश के नर्सिंग कॉलेजों में प्रवेश के लिए 15 जनवरी तक की डेडलाइन तय की है। उप मुख्यमंत्री और लोक स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा विभाग के मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने हाईकोर्ट के आदेश के आधार पर समय सीमा में प्रवेश सुनिश्चित कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं।**

प्रदेश में इस अवधि तक 190 कॉलेजों में नर्सिंग में एडमिशन कराने की तैयारी है। शुरुआती जांच में 169 कॉलेजों को प्रवेश के लिए फिट बताया गया था। 15 जनवरी को कोर्ट में रिपोर्ट पेश किए जाने के बाद कोर्ट के आदेश के आधार पर नए कॉलेजों में भी प्रवेश शुरू कराए जा सकते हैं। गुरुवार को उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने इसे लेकर बैठक की। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024-25 के लिए सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अनुसार सभी पात्र नर्सिंग कॉलेजों की मान्यता और प्रवेश प्रक्रिया को 15 जनवरी तक पूर्ण किया जाए। उन्होंने जीएनएम, बीएससी नर्सिंग और एमएससी नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन काउंसलिंग प्रक्रिया को तय समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।

## रिश्वत लेते तहसील कार्यालय का लिपिक गिरफ्तार

**उज्जैन।** उज्जैन लोकायुक्त की टीम ने रतलाम जिले के नामली तहसील कार्यालय में पदस्थ लिपिक को 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। लोकायुक्त निरीक्षक दीपक शेजवार ने बताया कि पलासिया ने पंचेड निवासी गणपत से नामांतरण के लिए रिश्वत मांगी थी। गणपत ने लोकायुक्त पुलिस को शिकायत दर्ज कराई थी जिसमें बताया था कि टप्पा तहसील नामली में नायब तहसीलदार के रीडर प्रकाश पलासिया ने नामांतरण के एक प्रकरण में फरियादी के पक्ष में निर्णय करने के लिए 50 हजार रुपए रिश्वत की मांग की थी। लेकिन बाद में 40 हजार रुपए में मामला तय हुआ था। गणपत रिश्वत की रकम में से पहली किश्त के रूप में पांच हजार रुपए दे भी चुका था। शेष राशि देना बाकी थी। लोकायुक्त पुलिस ने फरियादी गणपत की शिकायत पर मामले का सत्यापन करवाया जिसमें शिकायत सही पाई गई।

## संपादकीय

# केंद्र क्यों नहीं कहता कि उसके दरवाजे किसानों के लिए खुले है....

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को केंद्र से पूछा कि वह यह क्यों नहीं कह सकता कि उसके दरवाजे किसानों के लिए खुले हुए हैं और वह फसलों के लिए MSP की कानूनी गारंटी सहित विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे किसानों की उचित शिकायतों पर विचार करेगा ? जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने इसके अलावा केंद्र से किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की ओर से दायर नई याचिका पर जवाब देने को कहा, जिसमें कृषि कानूनों को निरस्त किए जाने के बाद 2021 में प्रदर्शनकारी किसानों को फसलों पर MSP की कानूनी गारंटी के कार्यान्वयन के लिए केंद्र सरकार को निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार की ओर से किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के इलाज के मामले में किए गए प्रयास पर फटकार लगाई है। अदालत ने कहा कि राज्य सरकार के अधिकारी और कुछ किसान नेता मीडिया में यह झूठी धारणा फैला रहे हैं कि किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का अनशन तुड़वाने के प्रयास किए जा रहे हैं। जस्टिस सूर्यकांत की अगुआई वाली बेंच ने साफ किया कि अदालत ने कभी भी डल्लेवाल के विरोध को खत्म करने का निर्देश नहीं दिया है, बल्कि केवल उनकी स्वास्थ्य स्थिति को लेकर चिंतित है। अदालत चाहती है कि उन्हें तत्काल मेडिकल मदद दी जाए।जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, 'हम ज्यादा कुछ नहीं कहना चाहते, लेकिन ऐसा लगता है कि पंजाब सरकार के अधिकारी और कुछ किसान नेता मीडिया में गैर-जिम्मेदाराना बयान दे रहे हैं, जिससे जमीन पर स्थिति और जटिल हो रही है। हमें डल्लेवाल के प्रति कुछ किसान नेताओं की नीयत की जांच करनी होगी।' पंजाब के एडवोकेट जनरल गुरमिंदर सिंह ने कहा कि बिना अनशन तोड़े डल्लेवाल को चिकित्सा सहायता लेने के लिए मनाने का प्रयास किया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पंजाब के चीफ सेक्रेटरी और डीजीपी इस मामले में वर्चुअली पेश हुए हैं, उम्मीद है कि अदालत का संदेश निचले स्तर तक पहुंच जाएगा। मामले की अगली सुनवाई 6 जनवरी को होगी। शीर्ष अदालत ने डल्लेवाल की ओर से दायर एक नई याचिका पर केंद्र को भी नोटिस जारी किया। इस याचिका में केंद्र सरकार से उन वादों को पूरा करने का निर्देश देने की मांग की गई है, जिनमें 2021 में कृषि कानूनों को रद्द किए जाने के बाद किसानों से फसल पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी शामिल है।

### अर्ज़ किया है..!

*उस से कह दो कि मुझे*
*उस से नहीं मिलना है*
*वो है मसरूफ़ तो*
*बे-कार नहीं हूँ मैं भी*

-सरफ़राज़ ख़ालिद

## OSHO कहिन

**प्यार तभी सच्चा होता है जब उसमें कोई शर्त न हो।**



### महिला जगत

# 17 साल की काम्या कार्तिकेयन ने रचा इतिहास

## सात महाद्वीपों की सबसे ऊंची चोटियों पर की फतह



भारत की 17 वर्षीय किशोरी ने इतिहास रच दिया है। काम्या कार्तिकेयन सात महाद्वीपों की सबसे ऊंची चोटियों पर चढ़ने वाली सबसे कम उम्र की महिला बन गई हैं। भारतीय नौसेना के अनुसार, काम्या ने अपने पिता कमांडर एस कार्तिकेयन के साथ 24 दिसंबर को चिली के समयानुसार शाम 5:20 बजे अंटार्कटिका में माउंट विंसन की चोटी पर पहुंचकर प्रतिष्ठित सेवन समिट चैलेंज पूरा किया।

मुंबई के नेवी चिल्ड्रन स्कूल में 12वीं की छात्रा काम्या ने इससे पहले अफ्रीका में माउंट किलिमंजारो, यूरोप में माउंट एल्ब्रस, ऑस्ट्रेलिया में माउंट कोज़्स्कीस्ज़्को, दक्षिण अमेरिका में माउंट एकॉनकागुआ, उत्तरी अमेरिका में माउंट डेनाली और एशिया में माउंट एवरेस्ट की सफल चढ़ाई की थी।

### इन सात महाद्वीपों को किया फतह

भारतीय नौसेना ने काम्या की इस असाधारण उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा, 'नेवी चिल्ड्रन स्कूल, मुंबई की कक्षा 12 की छात्रा सुश्री काम्या कार्तिकेयन ने सात महाद्वीपों की सबसे ऊंची चोटियों पर चढ़ाई कर इतिहास रचा है। इन सात महाद्वीपों में अफ्रीका (माउंट किलिमंजारो), यूरोप (माउंट एल्ब्रस), ऑस्ट्रेलिया (माउंट कोसियसज़्को), दक्षिण अमेरिका (माउंट एकॉनकागुआ), उत्तरी अमेरिका (माउंट डेनाली), और एशिया (माउंट एवरेस्ट) शामिल हैं। अंटार्कटिका में माउंट विंसन की चढ़ाई के साथ उन्होंने इस चुनौती को पूरा किया।"

New Delhi

# वियतनाम और फिलीपींस के बाद अब बड़ा मुस्लिम देश भी खरीदेगा ब्रह्मोस मिसाइल, भारत आ रहे राष्ट्रपति

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** भारत की ब्रह्मोस मिसाइलों की दुनिया भर में डिमांड बढ़ रही है। कभी हथियारों के सबसे बड़े आयातक रहे भारत के लिए यह बड़ी सफलता है। इस बीच इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो भी रिपब्लिक डे के मौके पर भारत आ रहे हैं। दुनिया के सबसे बड़े मुस्लिम देश के राष्ट्राध्यक्ष के साथ भारत कई समझौते कर सकता है। इनमें से एक समझौता ब्रह्मोस मिसाइलों को लेकर भी होने वाला है। भारत और रूस ने मिलकर इन मिसाइलों को तैयार किया है, जिनकी डिमांड कई देशों से की गई है। माना जा रहा है कि इस दौरे में इंडोनेशियाई राष्ट्रपति ब्रह्मोस मिसाइल को लेकर करार




करेंगे और अगले कुछ सालों में उन्हें डिलिवरी दी जाएगी। इंडोनेशिया के 400 सैनिक भी दिल्ली में आयोजित होने वाली गणतंत्र दिवस परेड में हिस्सा लेंगे। यह भी ऐतिहासिक है क्योंकि आज तक किसी भी मेहमान देश ने इतने सैनिकों को गणतंत्र की परेड में हिस्सा लेने के लिए नहीं भेजा है। दक्षिण पूर्व एशिया में इंडोनेशिया ऐसा तीसरा देश है, जो भारत से ब्रह्मोस मिसाइलों की डील करेगा। इससे पहले फिलीपींस ने भारत से इन मिसाइलों को खरीदा है। इसके अलावा वियतनाम ने मिसाइलों की खरीद के लिए डील फाइनल की है। 2020 में प्रबोवो सुबियांतो रक्षा मंत्री के तौर पर भारत आए थे। कहा जा रहा है कि इस दौरान उनकी रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात हुई थी।

Bihar

# पप्पू यादव के समर्थकों ने किया चक्का जाम, ट्रेन और बसें रोकी, प्रशांत किशोर आज भी अनशन पर




**पटना, (एजेंसी)** पटना, पूर्णिया, मधेपुरा समेत कई जिलों में प्रदर्शन कर रहे। पटना में सचिवालय हॉल्ट के पास पप्पू यादव के समर्थक रेलवे ट्रैक पर उतर गए। यात्री ट्रेन को रोक दी। इंजन पर चढ़कर प्रदर्शन करने लगे।

सांसद पप्पू यादव के बिहार बंद के एलान का असर बेगूसराय में देखने को मिला। पप्पू यादव के समर्थकों ने सुबह से ही एनएच 31 को जाम कर दिया और नीतीश सरकार के खिलाफ जमकर हंगामा और नारेबाजी कर रहे। इस दौरान एनएच 31 को जामकर दिया और जमकर बिहार सरकार खिलाफ हंगामा शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि बीपीएससी परीक्षा में पूरी तरह से धांधली हुई। लगातार आंदोलन कर रहे हैं। छात्रों पर पुलिस के द्वारा बर्बरता पूर्वक लाठीचार्ज की जा रही है। इसी के विरोध में आज पूरे में बिहार का चक्का जाम है। हमलोगों की मांग है कि बीपीएससी परीक्षा पूरी तरह से रद्द किया जाए अगर ऐसा नहीं हुआ तो हमलोगों का आंदोलन जारी रहेगा। सदर एसडीओ सुबोध कुमार ने बताया है कि बीपीएससी परीक्षा को लेकर कुछ राजनीतिक दलों द्वारा एनएच 31 को जाम किया है। इन्हें समझाया जा रहा है।

प्रशांत किशोर का प्रदर्शन आज भी जारी है। वह गांधी मूर्ति के पास अपने समर्थकों के साथ अनशन पर बैठे हुए ही हैं। सैकड़ों छात्र प्रशांत किशोर के साथ नीतीश सरकार के विरोध में नारेबाजी कर रहे हैं।

Chhattisgarh

# तंत्र-मंत्र के नाम पर पुलिसकर्मी ने महिला से किया दुष्कर्म

**धमतरी, (एजेंसी)** छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है. जहां एक पुलिस कॉन्स्टेबल ने एक महिला से तंत्र-मंत्र के नाम पर दुष्कर्म किया. वहीं, महिला की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया है. पुलिस के मुताबिक आरोपी तंत्र-मंत्र के नाम पर महिला के साथ पिछले दो सालों से दुष्कर्म कर रहा था. महिला ने बताया कि आरोपी बेमेतरा कोतवाली थाने में आरक्षक के पद पर पदस्थ है. जिसका नाम किशोर सोनी है. आरोपी से परेशान होकर पीड़ित महिला ने इसकी शिकायत कुरुद थाने में की थी. पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. बताया यह भी जा रहा है कि जब आरक्षक किशोर सोनी ने महिला के साथ दुष्कर्म किया तब वह धमतरी के कुरुद थाने में आरक्षक के पद पर पदस्थ था. बहरहाल पुलिस ने तंत्र मंत्र के नाम पर दुष्कर्म करने के आरोप में आरोपी किशोर सोनी को जेल भेज दिया है. इस वारदात से एक बार फिर महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं. लोग कह रहे हैं कि जब जिसके ऊपर महिलाओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी है, वही ऐसा कर रहे हैं तो महिलाओं की सुरक्षा कौन करेगा?

Uttarakhand

# 8 लोगों से भरी Alto कार खाई में गिरी, नए साल पर हरियाणा से घूमने गए थे चकराता

**चकराता, (एजेंसी)** उत्तराखंड के चकराता में बुधवार रात एक भीषण हादसा हो गया. यहां पर्यटकों से भरी एक कार अचानक खाई में जा गिरी. दुर्घटना में चार माह के बच्चे समेत आठ लोग घायल हुए हैं. SDRF ने सभी का रेस्क्यू कर अस्पताल पहुंचा दिया है.

दरअसल, नए साल पर चकराता घूमने आए इन टूरिस्टों की कार रात के अंधेरे मे दुर्घटनाग्रस्त होकर 100 मीटर (328 फुट) गहरी खाई में जा गिरी. हादसे में 4 माह के दो मासूमों समेत वाहन सवार कुल 8 लोग घायल हो गए जिन्हें मौके पर पहुंची एसडीआरएफ की रेस्क्यू टीम द्वारा स्ट्रेचर की सहायता से खाई से बाहर निकाला गया. टीम ने उन्हें निकालकर वैकल्पिक मार्ग से होते हुए मुख्य मार्ग तक लाकर इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया. बताया जा रहा है कि बीती रात चकराता




घूमने आए यमुनानगर हरियाणा के पर्यटकों की अल्टो कार अचानक दुर्घटनाग्रस्त होकर 100 मीटर (328 फुट) गहरी खाई में गिर गई. घटना में जहां कार बुरी तरह से चकनाचूर हो गई तो वहीं खाई में गिरने से कार सवार 4 माह के कशिश और अवब्या के साथ 7 साल के माधव, 15 साल के स्मरण और रजत, ईशा, अमित दिव्या घायल हो गए.

## खेल

राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों का एलान

# मनु भाकर-गुकेश समेत चार खिलाड़ियों को मिलेगा खेल रत्न

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** पेरिस ओलंपिक में दो ओलंपिक पदक जीतने वाली भारत की महिला निशानेबाज मनु भाकर और विश्व शतरंज चैंपियनशिप के विजेता भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश सहित चार खिलाड़ियों को खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। खेल मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2024 का एलान गुरुवार को कर दिया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 17 जनवरी को राष्ट्रपति भवन में विजेताओं को सम्मानित करेंगी।

मनु और गुकेश के अलावा भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पैरालंपियन प्रवीण कुमार को भी खेल रत्न पुरस्कार दिया जाएगा। खेल मंत्रालय ने बयान में कहा, समिति की सिफारिशों और सरकार की जांच




के आधार पर खिलाड़ियों, कोच, विश्वविद्यालयों को पुरस्कार देने का फैसला किया गया है। 22 वर्ष की मनु एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली स्वतंत्र भारत की पहली खिलाड़ी बनी थीं जिन्होंने अगस्त में पेरिस ओलंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत और मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। पेरिस ओलंपिक में ही हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी में भारत ने लगातार दूसरे ओलंपिक में पदक जीता। 18 वर्ष के गुकेश सबसे युवा विश्व चैंपियन बने जो पिछले साल शतरंज ओलंपियाड में भारतीय टीम के ऐतिहासिक स्वर्ण पदक में भी सूत्रधार रहे थे। पैरा हाई जंपर प्रवीण ने पेरिस पैरालंपिक में टी64 वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था। यह उन खिलाड़ियों की श्रेणी है जिनका घुटने से नीचे एक या दोनों पैर नहीं होता है और वे दौड़ने के लिए कृत्रिम पैर पर निर्भर होते हैं। खेल रत्न के अलावा 34 खिलाड़ियों को 2024 में खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा जिसमें से एथलीट सुचा सिंह और पैरा तैराक मुरलीकांत राजाराम पेटकर को अर्जुन अवॉर्ड लाइफटाइम पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। बेहतर कोचिंग देने के लिए पांच लोगों को द्रोणाचार्य पुरस्कार मिलेगा, जिसमें बैडमिंटन कोच एस मुरलीधरन और फुटबॉल कोच अरमांडो एगनेलो कोलाको को लाइफटाइम वर्ग में शामिल किया गया है। फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया को राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार मिलेगा। वहीं, चंडीगढ़ विश्वविद्यालय को ओवरऑल यूनिवर्सिटी विजेता के तौर पर मौलाना अबुल कलाम आजाद (माका) ट्रॉफी मिलेगी। लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी फर्स्ट रनरअप और अमृतसर गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी सेकेंड रनरअप रही।

## सिनेमा

# गेम चेंजर के चार गानों पर खर्च हुए 75 करोड़, मेकर्स ने क्यों बहाया पानी की तरह पैसा?



राम चरण और कियारा आडवाणी की फिल्म गेम चेंजर इस साल की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक मानी जा रही है। फिल्म जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह एक एक्शन-थ्रिलर फिल्म होगी। फिल्म की कास्ट, कहानी और ट्रेलर से लेकर फिल्म के गाने भी चर्चा में हैं। हाल ही में पता चला था कि फिल्म के गानों पर डायरेक्टर ने कुछ 75 करोड़ खर्च किए हैं। जैसे ही ये पता चला, फैंस हैरान रह गए। सोशल मीडिया पर लोगों ने पूछना शुरू किया कि चार गानों पर 75 करोड़ क्यों खर्च हुए? अब सोशल मीडिया को इस चीज का जवाब मिल गया है। म्यूजिक लेबल सारेगामा ने अब इस चीज का जवाब दिया है। गेम चेंजर में चार गाने हैं- जरागंडी, रा मचा-मचा, नाना हयराना और धोप। टीम के मुताबिक, जरागंडी को प्रभु देवा ने कोरियोग्राफ किया है। गाने में करीब 600 डांसर्स हैं। गाने को 70 फुट के हिल विलेज के सेट पर 13 दिन में शूट किया गया। वहीं, गाने में इको-फ्रेंडली जूट से बनी ड्रेस पहनी गई है। रा मचा-मचा की बात करें तो इस गाने को गणेश आचार्य ने कोरियोग्राफ किया गया है। गाने में करीब 1000 डांसर्स हैं। नाना हयराना की बात करें तो दावा किया जा रहा है ये पहला भारतीय गाना है जिसे इन्फ्रारेड कैमरे पर शूट किया गया है।

## Highlights

1. **Police constable's son rams Thar into people performing kirtan in Jaipur, mob vandalises car**
2. **Noida International Airport signs 30-year agreement with IOCL**
3. **Hospital CEO reveals expectation for healthcare sector from budget**
4. **Drunk woman's face-off with cops recorded on camera in Bengaluru**
5. **Why is January 3rd celebrated as Savitribai Phule Jayanti?**
6. **Man makes racist comments on students in Canada, says 'Refugees are here from India'**

# Centre to give automatic 'Right of Way' permissions for BharatNet project

**NEW DEIHI, (Agency).** Government entities, such as public works departments, will now automatically give permissions to lay down optical fibre in rural areas under the BharatNet Project after the central government notified the initiative as a "special project" in "public interest" under the Telecommunications (Right of Way) Rules, 2024, that came into effect on January 1.

No access fee will have to be paid to public entities, but permissions will still be required for RoW over private property, and applicable fees and charges will need to be paid. "In exercise of the powers conferred by sub-rule (1) of rule 12 of the Telecommunications (Right of Way) Rules, 2024, the Central Government, in public interest, hereby notifies the "BharatNet", as a special project for the establishment of telecommunication



network," the gazette notification issued on January 1 stated. Under Rule 12 of the RoW Rules (notified in September), the central government can notify projects as "special projects" in "public interest" for which all permissions required for establishing the overground or underground network will be "deemed to have been granted" and the digital portal will automatically generate a "deemed permission" for such applications. The public entity in charge will provide the terms and conditions for this "deemed permission" within seven days. "BharatNet has been a high priority for the Indian government's digital expansion as in combination with 5G, it will serve the connectivity needs of India's massive rural expanse. The project has been underway for some time, and is known to face RoW challenges, mostly due to delay in permissions from multiple states and panchayats.

# UPI transactions touched record 16.73 billion in December 2024: NPCI data

**NEW DEIHI, (Agency).** Transactions through the popular Unified Payments Interface (UPI) touched a record 16.73 billion in December, recording a growth of 8 per cent over the preceding month, according to data released by the National Payments Corporation of India (NPCI).

In November, the UPI transaction count was 15.48 billion.

NPCI said the value of the transactions worked at ₹23.25 lakh crore in December 2024 as against ₹21.55 lakh crore in November.

The average daily transaction count during December was 539.68 million, up from 516.07 million in November.

In value terms, the average daily transaction amounted to ₹74,990 crore in December. This compares with ₹71,840 crore in November. NPCI, an initiative of the Reserve Bank of India (RBI) and the Indian Banks' Association, is an umbrella organisation for operating retail payments and settlement systems in India (IBA).

# डेविन सन्स रिटेल लिमिटेड का आईपीओ 2 जनवरी को खुला

**मुंबई।** डेविन संस रिटेल लिमिटेड, जो जॉब वर्क के आधार पर और एफएमसीजी वितरण के माध्यम से परिधान निर्माण में माहिर है, ने 2 जनवरी, 2025 को अपना आईपीओ खोला, जिसका लक्ष्य ताजा मुद्दे के माध्यम से 8.78 करोड़ जुटाने का है। 15,96,000 इक्विटी शेयरों को बीएसई एसएमई प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध किया जाएगा। इस इश्यू का आकार 15,96,000 इक्विटी शेयर है, जिनका अंकित मूल्य 10 प्रति शेयर है और कीमत 55 प्रति शेयर निर्धारित की गई है। आईपीओ से प्राप्त शुद्ध आय का उपयोग गोदाम की खरीद के लिए पूंजी व्यय, कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को आंशिक रूप से वित्तपोषित करने, और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। सार्वजनिक बोलियों के लिए यह प्रस्ताव 2 जनवरी, 2025 को खुलेगा और 6 जनवरी, 2024 को बंद होगा।

# पूरा पीथमपुर बंद, लाखों लोग सड़कों पर उतरे
# नेताओं अधिकारियों की सांसें फूली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। भोपाल गैस कांड के कचरे को पीथमपुर में जलाने का विरोध तेज हो गया है। आज सुबह से पूरा पीथमपुर बंद है। कहीं पर भी दुकानें नहीं खुली हैं। लोगों ने स्वेच्छा से दुकानों को बंद रखा है। लाखों लोग सड़कों पर प्रदर्शन कर रहे हैं।**

**कचरा आते ही उग्र हुआ प्रदर्शन–** कल रात भोपाल से पीथमपुर में कचरा आने के बाद से प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की सांसें फूली हुई हैं। पुलिस, प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की समझाइश का जनता पर कोई असर पड़ता नजर नहीं आ रहा है। सभी संगठन, संस्थाएं एक मंच पर आकर इसका विरोध कर रही हैं।

**रहवासियों का साथ मिला–** बंद को रहवासियों का पूरा साथ मिला है। हर जगह बंद का असर नजर आ रहा है। कोई भी सड़कों पर कारोबार करता नजर नहीं आ रहा। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि कचरा जलाना शुरू किया तो आंदोलन और भी भड़क जाएगा।

## इंदौर से गए कई संगठन

इंदौर से कई संस्थाओं और सामाजिक संगठनों के लोग पीथमपुर गए हैं। बड़ी संख्या में इंदौर में भी लोग इसके खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। मजदूर संघ, किसान संघ, रहवासी संघ और कई संस्थाएं पीथमपुर जाकर विरोध प्रदर्शन में हिस्सा ले रही हैं।

## सीएम की अपील का नहीं दिखा असर

सीएम मोहन यादव ने विरोध कर रहे लोगों को संतुष्ट करने का प्रयास किया लेकिन उसका कोई असर नहीं दिखा। भोपाल से इंदौर आए 337 टन विषैले कचरे को लेकर जारी विरोध के बीच इंदौर में कैलाश विजयवर्गीय की मौजूदगी में एक बैठक आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि हमें भी शहर की चिंता है। रातभर हमने सरकार को सोने नहीं दिया। उन्होंने कहा कि जहरीले कचरे से जनता भयग्रस्त न हो, शंका का समाधान जरूरी है। उन्होंने सभी से बात की लेकिन उनकी बात से भी आंदोलन पर खासा असर नहीं पड़ा। सुबह होते ही लाखों लोग सड़कों पर विरोध प्रदर्शन करने के लिए निकल गए।



आज ही अपनी जानकारी सबमिट करे www.detectivegroup.in पर
Whatsapp us on +91-9110 50101

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक